देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 196 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
गंभीर विचार–विमर्श की मांग



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 11 नवंबर 2023



मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 13.0° | 64904.68

2 भारत–आर्मीनिया की दोस्ती का डर! | 7 हां करो या करुं तुम्हारे नाम का ऐलान

# लोगों की प्रार्थना शायद भगवान ने सुन ली

## प्रदूषण को लेकर राज्यों को सुप्रीम कोर्ट की फिर फटकार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर समेत कई राज्यों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए तुरंत कई फैसले लेने होंगे। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब में भूजल पर भी चिंता जताई। शीर्ष अदालत ने पंजाब में घटते भूजल पर कहा कि राज्य में लगातार पानी का स्तर कम होता जा रहा है। हम वहां एक और रेगिस्तान नहीं बना सकते हैं। राज्य में धान की खेती को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह चाहता है कि खेतों में पराली जलाना बंद हो।

न्यायाधीश संजय किशन कौल ने कहा, हमने के कार्यप्रणाली का सुझाव दिया है, आप जो चाहें वैसा करें, लेकिन खेतों में पराली जलाने की घटनाओं को रोका जाना चाहिए। खेतों में पराली जलाने से रोकने के लिए कुछ आपातकालीन उपायों की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और पंजाब सरकार से पूछा कि वे पंजाब में जल स्तर को सही करने के लिए धान को धीरे–धीरे हटाने के लिए उपाय के रूप में क्या कदम उठा रहे हैं।

शुक्रवार को बारिश होने पर न्यायाधीश कौल ने कहा कि लोगों को सिर्फ प्रार्थना करना चाहिए कि बारिश होते रहे। कभी हवा चलने तो कभी बारिश होने से राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शायद भगवान ने लोगों की प्रार्थनाओं को सुना होगा इसलिए बारिश हो गई। इसमें सरकार का कोई योगदान नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसान भी समाज का हिस्सा हैं और उन्हें अधिक जिम्मेदार होना होगा और हमें उनकी जरूरतों के प्रति अधिक उत्तरदायी होना होगा। लेकिन लोगों को मरने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब में किसान बहुत अच्छी तरह से संगठित हैं और सरकार से पूछा कि वह किसान निकायों से बात क्यों नहीं करती है। उन्हें बढ़ावा क्यों नहीं देती है।

वहीं, दिल्ली सरकार ने दलील दी कि कोर्ट के आदेश के बाद ऑड–ईवन पर नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस पर सुको ने फटकार लगाई कि इसके काम न करने पर इसे अदालत पर डालने की कोशिश मत करना।



### फिलहाल नहीं लागू होगा ऑड–ईवन नियम

अब 13 नवंबर से दिल्ली में ऑड–ईवन नियम लागू नहीं किया जाएगा। दिल्ली में कल रात से हुई बारिश से हवा साफ होने के बाद ऑड–ईवन नियम लागू करने के फैसले को दिल्ली सरकार ने फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि अगर आगे स्थिति गंभीर होती है तो इस पर फिर से विचार किया जाएगा। इससे पहले दिल्ली सरकार ने ऑड–ईवन को सही बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया था। सरकार ने एक वैज्ञानिक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सरकार ने बताया कि इससे सड़कों पर भीड़भाड़ कम हुई है।

### आप लोगों के लिए भगवान को आना पड़ा

देश में वायु प्रदूषण की समस्या को लेकर शुक्रवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने कई याचिकाओं पर सुनवाई की। देश के विभिन्न शहरों में बिगड़ते एक्यूआई के संबंध में याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने राज्य सरकारों को जमकर फटकार लगाई। एनजीटी ने राज्यों से पूछा, एक शहर बताएं जहां स्थिति में सुधार हुआ है...रिपोर्ट में जो दिखाया गया है और जो सैटेलाइट तस्वीर में दिखाया गया है, वह आपस में मेल नहीं खाता है। पंजाब के शहर धुएं में डूबे हुए हैं। आज बारिश हुई। भगवान आपकी सहायता के लिए आये क्योंकि भगवान को भी एहसास हुआ कि आपकी ओर से कुछ नहीं किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में भाजपा ने चला बड़ा दांव

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बेंगलुरु। भाजपा ने बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई विजयेंद्र को तत्काल प्रभाव से पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में विजयेंद्र की घोषणा अगले साल के मध्य में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले की गई है। वे नलिन कुमार कतील की जगह लेंगे।

### यूट्यबर मनीष कश्यप को बड़ी राहत, एनएसए भी हटा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

पटना। तमिलनाडु की कोर्ट ने यूट्यबर मनीष कश्यप को जमानत अर्जी को लेकर हुई सुनवाई में बड़ी राहत दी है। मदुरै कोर्ट ने मनीष कश्यप के खिलाफ लगा एनएसए की धाराओं को भी हटा दिया है। बता दें कि मनीष कश्यप पर तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों के साथ कथित तौर पर मारपीट और हिंसा से जुड़े वीडियो प्रसारित करने का आरोप लगा था।

# उत्तराखंड के सात जिलों में बर्फबारी का अलर्ट

## दून समेत सात जिलों में आकाशीय बिजली चमकने की आशंका

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ गई है। ऊंचाई वाले हिस्सों में आंशिक बादलों के बीच चोटियों पर हिमपात का क्रम जारी है। जबकि, आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की जा रही है। मैदानी क्षेत्रों में फिलहाल मौसम शुष्क है और तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को देहरादून समेत प्रदेश के सात जिलों में आकाशीय बिजली चमकने और ओलावृष्टि की आशंका थी। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया। अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट आने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ गई है। जिससे उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में बादल मंडराने लगे हैं। शुक्रवार को देहरादून, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में ओलावृष्टि होने के साथ ही आकाशीय बिजली चमकने की आशंका है। 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा–बर्फबारी भी हो सकती है।

यमुनोत्री धाम सहित आसपास के इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं, यमुना के मायके खरशालीगांव, जानकीचट्टी, नारायण पुरी, फूलचट्टी हनुमान चट्टी क्षेत्र में बारिश, बड़कोट क्षेत्र में बारिश का मौसम बना हुआ है। बर्फबारी के चलते धाम में ठंड बढ़ी। यमुनोत्री धाम से पुरोहित सुनील उनियाल ने बताया कि धाम में डेढ़ घंटे से बर्फबारी हो रही है। जिससे धाम में ठंड बढ़ गई है। गंगोत्री धाम में भागीरथी (गंगा) नदी का जल और नलों का पानी जमने लग गया है।

### केदारनाथ की चोटियों पर बर्फबारी के दौर जारी

पिछले कुछ दिनों से ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में चटख धूप खिल रही है। हालांकि, पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं–कहीं आंशिक बादल मंडरा रहे हैं। केदारनाथ धाम की चोटियों पर लगातार बर्फबारी के दौर जारी हैं। जिससे पुनर्निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। कुमाऊं में भी पिथौरागढ़ और बागेश्वर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है।

# हमारी सबसे ज्यादा सुरक्षा को लेकर चिंताएं हैं: भारत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच शुक्रवार को टू प्लस टू विदेश और रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक नई दिल्ली में हुई। इस बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन देर रात दिल्ली पहुंचे। वहीं, बैठक की सह अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर कर रहे हैं। इसमें भारत ने कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों पर अपनी गंभीर चिंताओं से अमेरिका को अवगत कराया है। भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, हमने अपनी चिंताओं को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। क्वात्रा का इशारा खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की तरफ था, जिसने 19 नवंबर को एयर इंडिया के विमान को उड़ाने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका नई दिल्ली की गंभीर चिंताओं को समझता है।

टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय संवाद वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन कर रहे हैं। भारत और अमेरिका के रिश्तों पर ऑस्टिन ने कहा, हमारा रिश्ता सिर्फ पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के बारे में नहीं है। दोनों देशों के संबंध कई चीजों पर आधारित हैं। रिश्ते साझा मूल्यों और लोकतंत्र पर आधारित हैं। हम समुद्र के अंदर और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की दुनिया में भी सहयोग कर रहे हैं।

### बैठक

■ अमेरिका के सामने भारत ने कनाडा को लगाई लताड़

### भारत को मिलेगा एमक्यू–9बी ड्रोन

एमक्यू–9बी ड्रोन के संदर्भ में अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा, मुझे आज कोई नई घोषणा नहीं करनी है। हम सही समय पर इसकी घोषणा करेंगे। हम सब कुछ कर रहे हैं ताकि भारत को यह क्षमता मिले। हम एक बख्तरबंद वाहन का सह–उत्पादन करने जा रहे हैं।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# गवर्नर तुरंत पास करें अटके बिल

### सुप्रीम कोर्ट में भगवंत मान सरकार को मिली बड़ी जीत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पंजाब सरकार की ओर से जून में बुलाए गए विधानसभा सत्र को सुप्रीम कोर्ट ने वैध करार दिया है। इसके साथ ही गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित की सत्र की वैधता पर सवाल उठाने को लेकर खिंचाई भी की है। अदालत ने गवर्नर को आदेश दिया है कि वह पंजाब विधानसभा से पारित विधेयकों को तत्काल मंजूर करें, जिन्हें कई महीनों से अटका रखा है। केस की सुनवाई के दौरान अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल की भी खिंचाई की और कहा कि आप लोग आग से खेल रहे हैं। ऐसा रहा तो फिर लोकतांत्रिक व्यवस्था ही खतरे में पड़ जाएगी। शीर्ष अदालत ने दोनों राज्यपालों से कहा कि वे निर्वाचित विधानसभा की ओर से मंजूर विधेयकों को दबा कर न बैठें। चीफ जस्टिस ने कहा, यह गंभीर मामला है। निर्वाचित विधानसभा की ओर से पारित विधेयकों को मंजूर करने में आप देरी न करें। इससे आगे बेंच ने कहा, आप आग से खेल रहे हैं। गवर्नर ऐसा कैसे कह सकते हैं? पंजाब में जो हो रहा है, उससे हम खुश नहीं हैं।

## न्यूज डायरी



### यह भारत संग रिश्तों का मुश्किल वक्त, कनाडा की विदेश मंत्री ने माना सच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
ओटावा। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली का भारत के साथ रिश्तों में चल रहे तनाव पर एक बार फिर से बयान आया है। जोली ने दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट को स्वीकारते हुए इसे द्विपक्षीय संबंधों का एक कठिन क्षण कहा है। साथ ही बताया है कि वह अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के साथ लगातार संपर्क में हैं ताकि रिश्तों में सुधार लाया जा सके। मेलानी जोली ने टोक्यो में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में अपनी भागीदारी पर चर्चा करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें जोली ने भारत के साथ कनाडा के राजनयिक गतिरोध पर भी चर्चा की। कनाडा की विदेश मंत्री ने कहा, भारत के साथ रिश्तों की बात का मैंने कई बार बात की है। मैं लगातार भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से निकट संपर्क में हूं। हम जानते हैं कि दशकों से चले आ रहे रिश्ते में यह एक कठिन क्षण है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस कठिन दौर से निकल जाएंगे। हम जानते हैं कि दोनों देशों के कई हित हैं, जिनके लिए हम मिलकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा अपने सभी दोस्तों और समान विचारधारा वाले देशों के साथ अपने संबंधों में बेहतरी चाहता है। भारत से वापस बुलाए गए 41 कनाडाई राजनयिकों के मुद्दे पर कनाडा की विदेश मंत्री ने कहा कि कनाडाई राजनयिकों को भारत छोड़ना पड़ा क्योंकि उनकी छूट वापस ले ली गई थी।

### ईरान और ताजिकिस्तान ने अफगानिस्तान में समावेशी सरकार के गठन की कही बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। ईरान और ताजिकिस्तान ने अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार के गठन का आह्वान किया है। ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमाम अली रहमान के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा कि दोनों देश अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार की स्थापना चाहते हैं, जिसमें सभी जातीय समूह और धर्म शामिल हों। रायसी ने कहा कि हमारा मानना है कि अफगानिस्तान में एक ऐसी सरकार स्थापित की जानी चाहिए, जो अफगानिस्तान की सभी जातियों, धर्मों और लोगों का प्रतिनिधित्व करे और इस देश की प्रगति की दिशा में स्थायी कदम उठा सके। इमाम अली रहमान ने कहा कि बातचीत के दौरान, हमने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों, विशेष रूप से अफगानिस्तान की स्थिति, फलस्तीनी मुद्दे और दुनिया के अन्य क्षेत्रों की समस्याओं पर चर्चा की। तालिबान के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि उनकी सरकार समावेशी है और दोनों देशों से अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने को कहा। कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने अभी तक अफगानिस्तान में समावेशी सरकार की स्थापना की स्पष्ट परिभाषा नहीं दी है।

### भारत को सुरक्षित देशों की सूची में शामिल करेगा ब्रिटेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। यूके सरकार ने घोषणा की है कि वह भारत को सुरक्षित राज्यों की सूची में जोड़ेगी। इसके बाद भारत से अवैध रूप से यात्रा करने वाले लोगों की वापसी की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। साथ ही, अवैध रूप से अन्य मार्गों से आने वाले भारतीय नागरिकों के सभी शरण दावों को अस्वीकार्य माना जाएगा। कोई अपील नहीं होगी और उन्हें वापस भेज दिया जाएगा। यूके होम ऑफिस ने एक बयान में कहा कि सरकार भारत और जॉर्जिया को सुरक्षित राज्यों की सूची में जोड़ेगी। इसमें कहा गया है कि यह निर्णय अवैध प्रवासन अधिनियम 2023 और नौकाओं को रोकने की योजना के कार्यान्वयन में एक और कदम होगा। यूके गृह कार्यालय ने बयान में कहा, संसद में पेश किया गया मसौदा कानून आव्रजन प्रणाली को मजबूत करेगा और दुरुपयोग को रोकने में मदद करेगा, जिसमें निराधार सुरक्षा दावे करने वाले लोग भी शामिल हैं। यूके गृह कार्यालय के बयान के मुताबिक, लोगों पर उत्पीड़न का जोखिम नहीं होने के बावजूद पिछले साल भारतीय और जॉर्जियाई छोटी नावों की आवाजाही में वृद्धि देखी गई है। इसमें आगे कहा गया, ष्इन देशों को सुरक्षित मानने का मतलब यह होगा कि यदि कोई व्यक्ति इनमें से किसी एक से अवैध रूप से आता है, तो हम यूके शरण प्रणाली में उनके दावे को स्वीकार नहीं करेंगे।

# इजरायल लगातार कर रहा गाजा स्थित अस्पतालों पर हमला

## चिकित्सा आपूर्ति, साफ पानी और बिजली जनरेटर के लिए ईंधन खत्म

**युद्ध**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



गाजा। इजरायल और हमास के बीच लगातार युद्ध बढ़ता जा रहा है। बीते कई दिनों से दोनों के बीच भीषण युद्ध जारी है और इस युद्ध के दौरान अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, गाजा के अधिकारियों ने कहा कि इजराइल ने शुक्रवार को कम से कम तीन अस्पतालों पर या उसके आस–पास हवाई हमले किए, जिससे फिलिस्तीनी एन्क्लेव की अनिश्चित स्वास्थ्य प्रणाली पर और दबाव पड़ा क्योंकि यह हमास आतंकवादियों के खिलाफ इजराइल के युद्ध में घायल या विस्थापित हुए हजारों लोगों से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल–किद्रा ने अल जजीरा टेलीविजन को बताया, इजरायली कब्जे ने पिछले घंटों के दौरान कई अस्पतालों पर एक साथ कई हमले किए। चिकित्सा सुविधाओं में गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल, अल शिफा शामिल है, जहां इजरायल ने कहा कि हमास के पास छिपे हुए कमांड सेंटर और सुरंगें हैं, हमास इन आरोपों से इनकार करता है।

किद्रा ने कहा कि इजरायल ने गाजा सिटी मेडिकल कॉम्प्लेक्स के प्रांगण को निशाना बनाया और हताहत हुए, लेकिन उन्होंने विवरण नहीं दिया। इजरायल की सेना ने किद्रा के बयान पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की, जिसे रॉयटर्स स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं कर सका। गाजा के अस्पतालों को इजरायल के महीने भर पुराने सैन्य अभियान के पीड़ितों की देखभाल करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, जिसका उद्देश्य फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को खत्म करना है, क्योंकि चिकित्सा आपूर्ति, साफ पानी और बिजली जनरेटर के लिए ईंधन खत्म हो गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा के 35 अस्पतालों में से 18 और 40 अन्य स्वास्थ्य केंद्र या तो बमबारी से हुई क्षति या ईंधन की कमी के कारण सेवा से बाहर हैं।

फलस्तीनी मीडिया ने शुक्रवार को अल शिफा का वीडियो फुटेज प्रकाशित किया, जिसे रॉयटर्स तुरंत प्रमाणित करने में सक्षम नहीं था, उसने कहा कि यह एक पार्किंग स्थल पर इजरायली हमले के बाद का दृश्य दिखाता है जहाँ विस्थापित फलस्तीनियों को आश्रय दिया गया था और पत्रकार देख रहे थे। ह्यूमन राइट्स वॉच ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, आस–पास चल रहे हमलों और लड़ाई के साथ, हम वहां हजारों नागरिकों की भलाई के बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं, उनमें से कई बच्चे हैं, जो चिकित्सा देखभाल और आश्रय की तलाश में हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इजरायल का ष्आतंकवादियों और नागरिकों के बीच अंतर करना और अंतरराष्ट्रीय कानून का पूरी तरह से पालन करना दायित्व है। व्हाइट हाउस ने कहा कि इजरायल उत्तरी गाजा के कुछ हिस्सों में प्रतिदिन चार घंटे के लिए सैन्य अभियान रोकने पर सहमत हो गया है, लेकिन लड़ाई में कमी आने का कोई संकेत नहीं है, जिसने समुद्र तटीय इलाके को बर्बाद कर दिया है।

## इमरान खान के खिलाफ सिफर मामले में सुनवाई एक बार फिर टली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सिफर मामले में किसी सुनवाई बिना आगे की कार्यवाही को 14 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन की अध्यक्षता वाली विशेष अदालत ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में मुकदमे की सुनवाई की। इमरान खान 26 सितंबर से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्हें जिला जेल अटक से यहां स्थानांतरित किया गया था।

खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने एक बयान में कहा, ष्अदियाला जेल में सिफर मामले की सुनवाई बिना किसी कार्यवाही के मंगलवार 14 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई। पिछले साल मार्च में वाशिंगटन में देश के दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल का खुलासा करने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद 71 वर्षीय खान को इस साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था।

खान के खिलाफ मुकदमा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत चलाया जा रहा है और अदालत ने आखिरी सुनवाई के दिन 7 नवंबर को गवाहों के बयान दर्ज किए।



### भारत-आर्मीनिया की दोस्ती का डर!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत और आर्मीनिया में बढ़ती दोस्ती के बीच अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलियेव ने उज्बेकिस्तान में पाकिस्तान के केयर टेकर प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात की है। अभी कुछ दिनों पहले ही पाकिस्तान के सबसे शक्तिशाली इंसान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने अचानक से अजरबैजान का दौरा किया था। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम और पाकिस्तान के केयरटेकर प्रधानमंत्री काकर ने जम्मू कश्मीर को लेकर जहर उगला है। उन्होंने पाकिस्तान और अजरबैजान के बीच रिश्तों को मजबूत करने पर जोर दिया। अजरबैजान के राष्ट्रपति ने यह मुलाकात ऐसे समय पर की है जब भारत ने हाल ही में आर्मीनिया को पिनाका रॉकेट से लेकर कई हथियारों की सप्लाई की है।

# खाड़ी के मुस्लिम देशों में अमेरिका के खिलाफ धधक रहा है गुस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। गाजा में इजरायल के तेज होते हमले अरब देशों में अमेरिका का समर्थन कम कर रहे हैं। जो बाइडेन प्रशासन को अरब देशों में अमेरिकी राजनयिकों से सख्त चेतावनी मिली है। इन राजनयिकों ने बाइडेन प्रशासन को चेताते हुए कहा है कि गाजा में इजरायल का आक्रामक सैन्य अभियान खाड़ी के मुस्लिम देशों में एक पीढ़ी के बीच उसका मजबूत समर्थन खत्म कर रहा है। कई अमेरिकी राजनयिकों ने इसके लिए अपने राष्ट्रपति के प्रशासन को लिखा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, खाड़ी देशों में अमेरिका के खिलाफ बढ़ते गुस्से के बारे में अमेरिकी अधिकारियों के

#### राजनयिकों ने बाइडेन प्रशासन को दी वार्निंग

बीच गहरी चिंता है। ये गुस्सा 7 अक्टूबर के बाद गाजा में इजरायल के सैन्य अभियान से उपजा है। ओमान में अमेरिकी दूतावास के बुध ावार के डिप्लोमैटिक केबल में लिखा गया है कि हम मैसेजिंग बैटलस्पेस में बुरी तरह हार रहे हैं। इसके पीछे भरोसेमंद संपर्कों के साथ की गई बातचीत का हवाला दिया गया है।

केबल में चेतावनी दी गई है कि इजरायल के साथ मजबूत अमेरिकी समर्थन को युद्ध अपराध और नैतिक तौर पर बुरी नजर से देखा जा रहा है। दूतावास से ये केबल मस्कट में दूसरे सबसे बड़े अमेरिकी अधिकारी ने लिखा था। जिसे व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, सीआईए और एफबीआई को भेजा गया।

यह एक क्षेत्रीय दूतावास से सिर्फ एक केबल है, जो पश्चिम एशिया में बढ़ती अमेरिका विरोधी लहर की ओर इशारा करता है। काहिरा में अमेरिकी दूतावास से एक दूसरे केबल ने वाशिंगटन में मिस्र के एक सरकारी अखबार की टिप्पणी को प्रसारित किया है। जिसमें लिखा गया है कि फिलिस्तीनियों के लिए राष्ट्रपति बाइडेन की क्रूरता और उपेक्षा पिछले सभी अमेरिकी राष्ट्रपतियों से अधिक है।

गाजा में तेज होते इजरायल के सैन्य अभियान पर अमेरिकी समर्थन को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन पर लगातार दबाव बढ़ रहा है।

### हमास चीफ के गढ़ कतर पहुंचे मोसाद और सीआईए चीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दोहा। इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद और अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के चीफ कतर पहुंचे हैं। मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया और सीआईए डायरेक्टर विलियम बर्न्स ने कतर के प्रधानमंत्री के साथ बैठक की है। बैठक में गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के प्रयासों पर चर्चा हुई है। गुरुवार को ही फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद, पीआईजे ने दो इजरायली बंधकों का एक वीडियो क्लिप भी जारी किया है। हालांकि इजरायल ने इस क्लिप को मनोवैज्ञानिक आतंक कहते हुए खारिज कर दिया है। एक यूएस अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया है कि बार्निया और बर्न्स ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अलथानी से मुलाकात की। रिपोर्ट के अनुसार कतर के अधिकारियों ने बुधवार को हमास के कमांडरों से मीटिंग की है। इसके एक दिन बाद बार्निया, बर्न्स और अब्दुलरहमान अलथानी की बैठक हुई है, जिसमें बंधकों को छोड़ने के किसी संभावित समझौते पर चर्चा की गई।

## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# दून में रिलायंस शोरूम डकैती में 2 बाइक बरामद

वारदात

## बिहार के गैंग पर शक, अब पहचान की कोशिश

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के 23वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति की मौजूदगी में अफसर सफल परेड की खुशी मना पाते, इससे पहले ही बदमाशों ने पुलिस का चैन छीन लिया। राष्ट्रपति के दौरे के चलते शहरभर में कड़ा सुरक्षा पहरा था। लेकिन, डकैतों ने इन दावों की हवा निकाल दी।

राजपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में हथियारबंद बदमाशों ने 20 करोड़ से अधिक गहनों की डकैती कर डाली। पुलिस की चेकिंग में बदमाशों द्वारा इस्तेमाल की गई दो मोटर साइकिल भी बरामद की गई। ज्वेलरी शोरूम में हुई वारदात देहरादून के इतिहास की सबसे बड़ी डकैती बताई जा रही है। बदमाश बीस करोड़ से अधिक के गहने ले गए। राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए प्रदेशभर से फोर्स को दून लाया गया था।

रिलायंस ज्वेलरी शोरूम में डकैती के बाद पुलिस ने बाहरी राज्यों में ऐसी वारदात की जानकारी हासिल की। इस दौरान पता चला कि दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में भी इसी कंपनी के शोरूम में वारदात हो चुकी है। इस पर एक गैंग पर पुलिस का शक गया है, जो बिहार के नालंदा का बताया जा रहा है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि विभिन्न राज्यों में भी रिलायंस स्टोर में लूट हो चुकी है। वहां की वारदात की सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने जांची है। सूत्रों के मुताबिक, बिहार के नालंदा के एक गैंग पर पुलिस का शक गया है। यह गैंग सुबोध नाम के व्यक्ति का बताया जा रहा है। वह अभी जेल में बंद है। संभावना है कि उसके साथियों ने यह वारदात की हो। उसके गैंग से जुड़े लोगों के सत्यापन में टीम लगाई गई है। इस गैंग ने कर्नाटक में शोरूम में लूट के वक्त भी टाई बैंड का उपयोग किया था। दून की वारदात में भी यह टाई बैंड इस्तेमाल किए गए। एसएसपी ने इसके खुलासे के लिए विशेष टीम का गठन कर दिया है, जो अलग–अलग एंगल पर जांच कर रही है। एसएसपी खुद इसकी कमान संभाल रहे हैं।

### सबसे बड़ी डकैती पर सीएम सख्त

देहरादून में ज्वेलरी शोरूम में हुई डकैती की वारदात को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने इस मामले के जल्द से जल्द खुलासे के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस मामले में कड़ा रुख अख्तियार करते हुए शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक अंशुमन, आईजी गढ़वाल सहित एसएसपी देहरादून एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वारदात में जिन भी लोगों का हाथ है, उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**2010 में भी इसी तरह धनतेरस पर पड़ी थी डकैतीः** दून में साल 2010 में भी धनतेरस के दिन इसी तरह राजपुर रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट में डकैती हुई थी। तब बदमाश करीब एक करोड़ रुपये का कैश ले गए थे। उस दौरान डकैती में शामिल अमित मलिक उर्फ भूरा और जितेंद्र उर्फ काला समेत कई बदमाशों पर गैंगस्टर लगाया गया था। हालांकि, भूरा और काला हाल में डकैती के मामले में कोर्ट से बरी हो चुके हैं।

## न्यूज डायरी

### शहीदों को नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलिं दी

**संवाददाता** देहरादून। श्री यंत्र टापू में 10 नवंबर 1995 को शहीद हुए शहीदों को नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने कचहरी परिसर शहीद स्मारक में जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्मरण रहे कि इस कांड में राजेश रावत और यशोधर बेंजवाल शहीद हुए थे समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि राज्य का चौमुखी विकास हो तथा सभी खुशहाल रहें भाईचारा बना रहे। श्री यंत्र टापू के शहीदों को याद करने वालों में समिति के प्रभात डंडरियाल ,आरिफ वारसी ,सुशील विरमानी ,अनुराग भट्ट ,सुरेश कुमार, अनुज सिंगल, संदीप गुप्ता ,सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### ऑल इंडिया तीरंदाजी में डीएसबी ने जीते दस पदक

**संवाददाता** ऋषिकेश। सीबीएसई की ओर से आयोजित ऑल इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता में डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल के तीरंदाजों ने 10 पदक जीते हैं। विद्यालय प्रशासन ने पदक विजेता तीरंदाजों को सम्मानित किया। शुक्रवार को डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य शिव सहगल ने ऑल इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले तीरंदाजों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल देहरादून में सीबीएसई द्वारा आयोजित ऑल इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता 5 से 10 नवंबर तक आयोजित हुई। जिसमें 103 विद्यालयों के लगभग 813 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने आठ रजत और दो कांस्य पदक जीते हैं। विद्यालय के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज ने सभी छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### डिग्री कॉलेज के पदाधिकारियों ने विधायक से आशीर्वाद लिया

**संवाददाता** कालाढूंगी। डिग्री कॉलेज कोटाबाग के नव निर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों ने शुक्रवार को विधायक बंशीधर भगत से उनके आवास पर मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। विधायक भगत ने छात्रसंघ के सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुने जाने पर सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी। कहा, महाविद्यालयों के चुनाव में बेतहाशा खर्च की तुलना में शैक्षणिक माहौल में राष्ट्र निर्माण की विचारधारा पर आधारित चुनाव होने चाहिए। जिसका उदाहरण कोटाबाग महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने पेश किया है। विधायक भगत ने छात्र संघ अध्यक्ष बबीता गर्जोला, सचिव मीनाक्षी पांडे, छात्रा उपाध्यक्ष हिमानी को निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए देश की संसद में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी दी।

## दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता पर किए जाए सुधारीकरण कार्य

**संवाददाता** चमोली। अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने वर्चुअल माध्यम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षित उपाय करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा से संबधित सभी बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों को निर्देशित किया कि सड़कों पर चिनिहत ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता पर सुधारीकरण कार्य किए जाए। दुर्घटना संभावित स्थलों पर पैराफीट, क्रैशबैरियर एवं साइनेज लगाए जाए। सड़कों पर रोड सेफ्टी ऑडिट कार्य शीघ्र पूरा करें। पुलिस, परिवहन एवं एसडीएम अपने क्षेत्रान्तर्गत वाहनों की चेकिंग पर विशेष ध्यान दें। ओवर स्पीड एवं ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान पूर्व में घटित सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं क्षति, ब्लैक स्पॉट पर संचालित सुरक्षात्मक कार्यो की गहनता से समीक्षा की गई और सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एसीएमओ डॉ उमा रावत, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि राजबीर सिंह चौहान समेत एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, बीआरओ एवं अन्य सड़क निर्माणदायी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



### दीया प्रतियोगिता में लक्की, झालर में यश रहे अव्वल

**संवाददाता** ऋषिकेश। तीर्थनगरी के विभिन्न स्कूलों में दीपावली के उपलक्ष्य में दीपोत्सव मनाया गया। दीपोत्सव पर रंगोली, दीया, झालर और कार्ड प्रतियोगिताएं हुई। वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को दीपावली की महत्ता के बारे में बताया। शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास में दीपावली के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य उमाकांत, समाज सेविका निष्ठा गोयल, समाज सेविका साधना शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने छात्र–छात्राओं को दिवाली की महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं इको फ्रेंडली दिवाली मनाते हुए रंगोलियां बनाई। इसी के साथ रंगोली, दीया, झालर और कार्ड प्रतियोगिता हुई। रंगोली में आदिति ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराएंगे अधिकारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। ''सरकार जनता के द्वार'' कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद स्तरीय अधिकारियों को राजस्व ग्राम आवंटित किए गए हैं। अधिकारी उनको आवंटित गांवों में जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन करते हुए उनकी समस्याओं का निदान करेंगे। इसके साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराएंगे।

**जनपद स्तरीय अधिकारियों को किए गए राजस्व ग्राम आवंटित**

मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम भ्रमण के दौरान अधिकारी ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन करते हुए उसकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित व निर्माणाधीन पेंशनरों आदि का भौतिक स्थलीय सत्यापन करेंगे तथा कमियां पाए जाने पर उसकी सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ ही उन्हें भी उपलब्ध कराएंगे।

उन्होंने अधिकारियों को संबंधित ग्राम पंचायत का भौतिक स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही उस ग्राम में जल संरक्षण एवं जल संवर्द्धन से संबंधित कार्यों का भी शुभारंभ करने तथा फोटोग्राफ्र सहित आख्या उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि माह नवंबर हेतु निर्धारित रोस्टर के तहत उनके द्वारा विकास खंड जखोली की ग्राम पंचायत धरियांज (थाती बड़मा) में ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुदियाल ग्राम पंचायत रायड़ी में, उप वन संरक्षक अभिमन्यु विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत चंद्रापुरी तथा परियोजना निदेशक विमल कुमार स्यूंड में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। साथ ही शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराएंगे।

### दिल्ली और बरेली मार्ग पर सीट के लिए मारामारी

**संवाददाता** हल्द्वानी। धनतेरस के मौके पर हल्द्वानी रोडवेज डिपो के खजाने में जमकर धनवर्षा हुई। बसों में सीट के लिए यात्रियों में मारामारी की स्थिति रही। वहीं प्रतिदिन चलने वाली नियमित बसों के अलावा अतिरिक्त बसों का संचालन भी करना पड़ा। एक ही दिन में रोडवेज की आय 17 लाख से भी ऊपर पहुंची। हल्द्वानी–काठगोदाम डिपो की आय में वृद्धि हुई है। शुक्रवार को दिल्ली और बरेली मार्ग पर जाने वाले यात्रियों की भीड़ हल्द्वानी डिपो पर उमड़ पड़ी। सबसे ज्यादा भीड़ बरेली मार्ग पर जाने वाले यात्रियों की थी। इसके अलावा दिल्ली से आने वाले यात्रियों का जमावड़ा दिखाई दिया। आलम यह था कि सुबह 6 बजे से ही रोडवेज पर यात्रियों के बीच सीट को लेकर मारामारी शुरू हो गई। ऐसी स्थिति में व्यवस्थाओं को बनाए रखने और बसों के नियमित संचालन के लिए अधिकारी भी सुबह से ही स्टेशन पर मौजूद रहे। दिवाली और भाई दूज के मौके पर आय में और भी वृद्धि होने की उम्मीद है।

# गंभीर विचार-विमर्श की मांग

**अभी इस सलाह को एनसीआरटी ने भी स्वीकार नहीं किया है, इसलिए साफ नहीं है कि इस सलाह का भविष्य क्या होने वाला है। फिर भी इतना जरूर है कि इस सलाह से न तो स्कूलों के पाठ्यक्रम में किसी तरह का कोई गुणात्मक बदलाव होना है और न ही बच्चों की सोच-समझ या पढ़ाई में कुछ घटना या बढ़ना है।**

अनुज सनवाल।।

नैशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग की एक उच्चस्तरीय समिति ने स्कूलों में सोशल साइंस के पाठ्यक्रम में संशोधन से जुड़ी जो सिफारिशें दी हैं, उनमें से कुछ को महज अनावश्यक कहकर काम चलाया जा सकता है, लेकिन कुछ सिफारिशें ऐसी भी हैं जिनके पीछे की दृष्टि गंभीर विचार–विमर्श की मांग करती है। समिति की जिस सिफारिश पर तत्काल और सबसे तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली वह यह है कि स्कूली किताबों में देश का नाम अब सिर्फ भारत ही लिखा जाए, इंडिया नहीं। यह मसला कुछ समय पहले ही चर्चा में आ चुका है और इसके पक्ष–विपक्ष में दलीलें भी उसी समय से दी जाती रही हैं। उसे अलग से यहां दोहराने की जरूरत नहीं है। लेकिन चूंकि दोनों ही नामों का जिक्र संविधान में है इसलिए दोनों में से किसी भी नाम को कमतर या हीन मानते हुए दिखना उचित नहीं कहा जाएगा। खैर, अभी इस सलाह को एनसीआरटी ने भी स्वीकार नहीं किया है, इसलिए साफ नहीं है कि इस सलाह का भविष्य क्या होने वाला है। फिर भी इतना जरूर है कि इस सलाह से न तो स्कूलों के पाठ्यक्रम में किसी तरह का कोई गुणात्मक बदलाव होना है और न ही बच्चों की सोच–समझ या पढ़ाई में कुछ घटना या बढ़ना है। ऐसे में बेवजह एक राजनीतिक विवाद शुरू करना एनसीआरटी की इस समिति के लिए जरूरी नहीं था। इससे आसानी से बचा जा सकता था।



लेकिन समिति के अन्य सुझावों को बेवजह का नहीं बताया जा सकता है। न सिर्फ उनके पीछे पर्याप्त गंभीरता है बल्कि उन पर खास तरह की वैचारिकता की छाप भी दिखती है। उदाहरण के लिए, समिति की एक सलाह यह है कि अतीत में हुए युद्धों का जिक्र करते हुए स्कूली किताबों में 'हिंदू विजयों' को रेखांकित किया जाए। समिति के अध्यक्ष सी आई इसाक के शब्दों में, 'पाठ्यपुस्तकों में हमारी विफलताओं का जिक्र तो है, लेकिन मुगलों और सुल्तानों पर हमारी जीतों का जिक्र नहीं है।'

जाहिर है, हिंदू जीतों पर जोर देने का समिति का आग्रह इस तथ्य से मेल खाता है कि समिति के अध्यक्ष खुद को युद्ध के एक पक्ष (मुगलों और सुल्तानों) के खिलाफ और दूसरे पक्ष के साथ खड़ा करके इतिहास को देखने की कोशिश कर रहे हैं। यह नजरिया दो वजहों से दोषयुक्त कहा जाएगा। एक तो इसमें वह वस्तुनिष्ठता या ऑब्जेक्टिविटी नहीं है जो इतिहास जैसे विषय के साथ बरतने की जरूरत होती है। दूसरी बात यह कि अगर किसी खास समूह के साथ जुड़ाव रखते हुए भी चीजों को देखा जाए तो अपनी गलतियों या कमजोरियों से बचने की या किसी उपाय से उन्हें छुपाने की जो घोषित–अघोषित इच्छा इसमें झलकती है, वह यूं भी किसी व्यक्ति या समाज को स्वस्थ नजरिया नहीं दे सकती। पाठ्यपुस्तकों में किसी भी तरह का फेरबदल करते हुए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि उसके पीछे नजरिया हमेशा स्वस्थ और वैज्ञानिक हो।

## मदद

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** पहले तो वो बूढी औरत उस व्यक्ति को देख कर थोड़ा घबरा गयी, वो डर रही थी कि कही सुनसान सड़क पर वो आदमी उसे लूट ना ले। उस व्यक्ति ने बूढी औरत की घबराहट तुरंत समझ ली और फिर कहा " घबराईये मत माता जी। मैं पास के गेराज में काम करता हूँ, मेरा नाम मनोज है। अगर आपको कोई मदद चाहिए तो मुझे बता सकती है"। फिर बूढी औरत ने कहा "मेरी गाड़ी खराब हो गयी है, बारिश भी होने वाली है, मेरी तबियत खराब हो जायेगी, क्या आप मेरी गाड़ी ठीक कर सकते हो?" इत्तफाक से मनोज , मैकेनिक था, उसने कहा "जी जरूर, आप पेड़ के नीचे खड़े रहिये, मैं देखता हूँ क्या दिक्कत है गाडी में" मनोज ने 10 मिनट का समय लिया और गाडी ठीक कर दी, आखिर मैकेनिक जो था. उसने बूढी औरत के पास जा कर कहा "माता जी। आपकी गाडी ठीक हो गयी है, आप जा सकती है"।

## संपादकीय

### तीसरा रास्ता

व्यवहारिक स्तर पर, साम्यवाद अब समाप्त हो चुका है, जबकि पूंजीवाद गंभीर रूप से बीमार है। वैश्विक समस्याओं और मानव जाति की चुनौतियों का स्थायी समाधान न तो पूंजीवाद दे सकता है और न ही साम्यवाद। सरसंघचालक ने मंगलवार के भाषण में भारत के मौलिक विकास मॉडल की भी बात की है। इसे लेकर भी संघ में लंबे समय से चर्चा चलती रही है। 1970 के दशक की शुरुआत से विकास के उन प्रतिमानों के बारे में व्यापक मोहभंग हुआ है जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से प्रभावी थे। पूर्व और पश्चिम के कई प्रमुख विचारक विकल्प तलाश रहे हैं। यह स्पष्ट हो गया है कि वर्तमान वैश्विक व्यापार व्यवस्था और प्रचलित संसाधन–उपयोग की नीतियां उपनिवेशवाद के आधुनिक अवतार हैं, जिन्होंने पिछली शताब्दियों में अधिकांश दुनिया को तबाह कर दिया था। मानव जाति को अधिक मानवीय, गैर–शोषक, समग्र और आध्यात्मिक रूप से उन्नत 'तीसरे रास्ते' की ओर जाना होगा जो मूलतरू भारत के उन सभ्यतागत शाश्वत मूल्यों पर आधारित है जिसे हम हिंदू धर्म या हिंदुत्व के नाम से जानते हैं। इसलिए हिंदुत्व में ही विश्व का कल्याण निहित है, ऐसा संघ का मानना है और इसीलिए संघ बार–बार हिंदू राष्ट्र की बात करता है।

हिंदुत्व भारतीय जीवन शैली की अभिव्यक्ति है जो सनातन धर्म पर आधारित है। हिंदुइज्म अंग्रेजी का शब्द है और इसका अर्थ लगभग हिंदुत्व के समान है, लेकिन कोई भी 'इज्म' यानी कि 'वाद' एक खास वैचारिक खांचे का परिचायक है।

# क्या हैं मूल तत्व ?

अरुण आनंद।।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने विजयदशमी पर अपने वार्षिक संबोधन में भारत के 'स्व' की पहचान पर बल देते हुए हिंदू अस्मिता की बात की। उन्होंने कहा, 'अपने स्व को, अपनी पहचान को सुरक्षित रखना मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा और सहज प्रयास है। भारत की पहचान को, हिंदू समाज की अस्मिता को बनाए रखने का विचार स्वाभाविक तो है ही। आज के विश्व की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए स्वयं के मूल्यों पर आधारित, काल सुसंगत, नया रूपरंग लेकर भारत खड़ा हो, यह विश्व की भी अपेक्षा है।' संघ का मानना है कि हिंदू अस्मिता भारत के अस्तित्व के मूल में है।

भागवत ने जो कहा, वह नया नहीं है। उनसे पहले के सरसंघचालक भी इस बात को स्पष्ट रूप से कहते रहे हैं कि भारत हिंदू राष्ट्र है। हिंदू राष्ट्र को लेकर संघ की संकल्पना को समझना हो तो उसके कुछ मूल तत्वों को समझना होगा। हिंदू राष्ट्र की अवधारणा का मूल आधार हिंदुत्व है। संघ का मानना है कि हिंदुत्व भारतीय जीवन शैली की अभिव्यक्ति है जो सनातन धर्म पर आधारित है। हिंदुइज्म अंग्रेजी का शब्द है और इसका अर्थ लगभग हिंदुत्व के समान है, लेकिन कोई भी 'इज्म' यानी कि 'वाद' एक खास वैचारिक खांचे का परिचायक है। मसलन– 'पूंजीवाद', 'समाजवाद' आदि। इसलिए भारतीय जीवन शैली को निरूपित करने के लिए, हिंदुइज्म के बजाए 'हिंदुत्व' शब्द अधिक उचित है। अंग्रेजी में हिंदुत्व का अनुवाद 'हिंदूनेस' होगा।



हिंदुत्व (हिंदूनेस) भारत के सनातन सभ्यतागत मूल्यों में निहित एक सांस्कृतिक प्रवाह है और इसका राजनीति से कोई लेना–देना नहीं है। संघ के सह–सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य ने मई 2019 में प्रकाशित एक आलेख में लिखा था, '३ हिंदू होना सभी भारतीयों की पहचान बन गया है। ै के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार ने इस हिंदुत्व को सभी भारतीयों के बीच एकता की भावना को जगाने के लिए एक माध्यम बनाया, उन्हें उनकी जाति, क्षेत्र, धर्म और भाषा से उपर उठाकर एक–दूसरे से जोड़ा। उन्होंने पूरे समाज को हिंदुत्व के इस सूत्र से बांधकर संगठित करना शुरू कर दिया।' 'राष्ट्र' शब्द को अक्सर 'राष्ट्र–राज्य' या 'राज्य' शब्द का समानार्थक बनाकर उपयोग किया जाता है, जो गलत है। इससे भी काफी भ्रम फैला है। यूरोप में राष्ट्र–राज्य का विकास 18वीं शताब्दी की घटना है। यह यूरोप में चर्च द्वारा सत्ता के दुरुपयोग की प्रतिक्रिया थी। भारत में ऐसी स्थिति कभी नहीं थी। यहां राष्ट्र की अवधारणा वैदिक काल से अस्तित्व में है। भारत में रहने वाले सभी लोगों द्वारा जीवन के एक साझा दृष्टिकोण के आधार पर एक विशिष्ट संस्कृति का क्रमिक विकास हुआ है जिसे हिंदू संस्कृति कह सकते हैं।

राष्ट्र और राज्य में अंतर होता है। राज्य एक राजनीतिक संघ है जबकि राष्ट्र का अर्थ है लोगों का संघ। 'हिंदू', भारत के लोगों को जोड़कर बने राष्ट्र का एक विशेषण है और उन शाश्वत मूल्यों की अभिव्यक्ति है जो भारतीय जीवन शैली में प्राचीन काल से निहित हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पूजा पद्धति क्या है क्योंकि ये शाश्वत मूल्य सभी की साझा विरासत हैं। हमारे समाज में हिंदुत्व की अवधारणा प्रत्येक इंसान के भीतर देवत्व को पहचानने में निहित है, इसी में यह बिंदु भी निहित है कि एक विशिष्ट पंथ या मत का अनुयायी होना व्यक्तिगत मामला है।

### सुडोकु नवताल-5267

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सुडोकु नवताल -5266 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |


## अपना ब्लॉग

### धर्म और रिलीजन में अंतर

**मोहन।** धर्म और रिलीजन में अंतर है। रिलीजन अंग्रेजी का शब्द है। इसका आशय खास पूजा पद्धति से होता है। धर्म कहीं अधिक व्यापक है। धर्म का अर्थ है शाश्वत मूल्यों पर आधारित जीवन जीने का ऐसा तरीका जिससे हर मनुष्य अपने भीतर के देवत्व को प्राप्त कर सके और पूरा वैश्विक समाज परम वैभव पर पहुंच सके। भारत में इस्लाम, ईसाई, पारसी, यहूदी आदि कई रिलीजन हैं लेकिन धर्म केवल एक है– हिंदू। इसलिए आप भले ही मस्जिद जाते हों या चर्च या मंदिर, आपकी पूजा पद्धति कोई भी हो , यहां तक कि आप नास्तिक हों तब भी, हिंदू धर्म और हिंदुत्व का अभिन्न अंग हैं। व्यक्तिगत तौर पर अपनी आध्यात्मिक यात्रा के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार कोई भी मत या संप्रदाय चुन सकता है, इससे उसकी हिंदू पहचान पर कोई असर नहीं पड़ता। इसे नहीं समझने की वजह से अक्सर हिंदू धर्म को बड़ी संकीर्ण परिभाषा में बांध दिया जाता है। ऐसा तब होता है जब धर्म शब्द का अनुवाद रिलीजन के रूप में कर दिया जाता है। धर्म शब्द अपने आप में इतना विशिष्ट है कि इसका कोई अनुवाद किसी भी भाषा में उपलब्ध नहीं है।








## कार्तिक आर्यन से ब्रेकअप के बाद भी क्यों है सारा अली खान की दोस्ती?

करण जौहर के पॉपुलर चौट शो कॉफी विद करण 8 का तीसरे एपिसोड की स्ट्रीमिंग शुरू हो चुकी है। करण जौहर ने दावा किया कि सारा अली खान फिलहाल सिंगल हैं। जबकि एक समय सारा और अनन्या दोनों ने एक ही लड़के कार्तिक आर्यन को डेट किया है। सारा अली खान आम तौर पर कार्तिक आर्यन के सवाल पर चुप्पी साध लेती हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। करण ने सारा और अनन्या पूछा कि क्या उनके लिए अपने पूर्व प्रेमी और एक–दूसरे के साथ रहना सहज लगता है। इस पर सारा अली खान ने तुरंत जवाब दिया, मैं यह नहीं कहना चाहती, लेकिन हां, यह सब आसान है। क्योंकि अगर ऐसा नहीं होता तो यह थोड़ा अधिक बुरता दिखता। यह हमेशा आसान नहीं होता है, खासकर जब आप किसी के साथ रिलेशन में होते हैं, फिर चाहे वो आपके दोस्त हैं, या फिर एकसाथ काम करने वाले या फिर रोमांटिक तरीके से। अगर मैं अपने बारे में कहूं, तो इसमें इन्वॉल्व हो जाती हूं। मैं अपना पूरा जोर लगा देती हूं। मैं यह नहीं कहूंगी कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ये चीजें आप पर असर जरूर डालती हैं। सारा अली खान ने आगे कहा कि भले ही वह किसी रिलेशनशिप से प्रभावित हो रही हों, लेकिन वह बिना किसी शिकायत के जिंदगी में आगे बढ़ने में भरोसा रखती हैं। वह कहती हैं, देखिए, आखिर में आपको उससे आगे बढ़ना होगा और यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने महसूस किया है।

## अनन्या पांडे ने किम कार्दशियन, सेरेना विलियम्स संग दिए पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इस वक्त हॉलीवुड सिलेब्रिटी किम कार्दशियन के साथ अपनी तस्वीरों को लेकर चर्चा में हैं। दरअसल अनन्या ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो उनकी हालिया न्यू यॉर्क टूर की है। हाल ही में अनन्या एक फेमस ब्रैंड के स्टोर लॉन्च पर न्यू यॉर्क पहुंचीं और उस इवेंट में शामिल हुईं जहां किम कार्दशियन, एशले ग्राहम, सेरेना विलियम्स और फ्रीडा पिंटो जैसे कई ए–लिस्ट कलाकार थे। अनन्या पांडे ने इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। अनन्या इस इवेंट में अकेली नहीं बल्कि अपनी छोटी बहन रिसा पांडे के साथ पहुंची थीं। नीले रंग की बॉडीकॉन आउटफिट में अनन्या खूबसूरत लग रही थीं और उनके साथ उनकी बहन रिसा पांडे भी उन तस्वीरों में नजर आईं। अनन्या इन तस्वीरों में हॉलीवुड एक्ट्रेसस को टक्कर देती नजर आ रही हैं।

## द आर्चीज ट्रेलरः सुहाना पर भारी पड़ीं खुशी, अगस्त्य से नहीं हटेगी नजर



आखिरकार स्टारकिड्स से सजी फिल्म द आर्चीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वो फिल्म जिससे शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, श्रीदेवी की लाडली खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नातिन अगस्त्य नंदा एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली द आर्चीज का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसे देखने के बाद आप इन स्टारकिड्स की एक्टिंग, फिल्म की कहानी और तमाम बातों को समझ सकते हैं। आइए दिखाते हैं द आर्चीज का ट्रेलर। द आर्चीज ,की कहानी दर्शकों को 60 के दशक में ले जाती है। जहां आपको रोमां, दोस्ती, म्यूजिक और ढेर सारी मस्ती देखने को मिलती है। फिल्म को जोया अख्तर ने डायरेक्ट किया है। मेकर्स ने इसे थिएटर की बजाय ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला लिया था। अमेरिकी कॉमिक बुक सीरिज श्द आर्चीजश पर बनी ये फिल्म फैंस दिवाली के मौके पर नेटफ्लिक्स पर 7 दिसंबर 2023 से देख सकेंगे। ट्रेलर शुरू होता है, पुर्तगालियों से गोवा को आजाद कराने से। श्द आर्चीजश का ये ट्रेलर आपको साल 1960 के दशक में ले जाता है। कहानी सालों पुराने समय की है तो लाजमी है दृश्य, कॉस्ट्यूम और कलेवर भी वही होगा। फिल्म की कहानी छह दोस्तों की है। ऐसे दोस्त जहां सभी की नोंकझोंक के साथ साथ टीनएज रोमांस तो देखने को मिलता ही है। साथ ही एक मुद्दा भी है जिसे ये छह दोस्त निभाते दिखेंगे।

# 16 साल की हो गई है ये है मोहब्बतें की रूही

*ये है मोहब्बतें सीरियल काफी पॉपुलर रहा था। कई सालों तक इस शो ने लोगों को एंटरटेन किया था। इसमें दिव्यांका त्रिपाठी और करण पटेल लीड रोल में आए थे। इस सीरियल की क्यूट सी बच्ची याद है आपको? जो अपनी क्यूट क्यूट बातों से सबको खूब पसंद आई थीं। अब वही रूही काफी बढ़ी हो गई हैं। जिनका हाल में ही दिव्यांका त्रिपाठी के साथ रियूनियन देखने को मिला। आइए दिखाते हैं ये है मोहब्बतें है बच्ची रूही की तब और अब की तस्वीरें। ये है मोहब्बतें की रूही का असली नाम रूहानिका धवन हैं। जिन्होंने हाल में ही दिव्यांका त्रिपाठी के साथ मुलाकात की। दोनों ने इस मुलाकात का फोटो भी सोशल मीडिया पर सेयर किया। सब रूहानिका को देख हैरान रह गए, क्योंकि वह काफी बदल जो गई हैं।*

**दिव्यांका ने की बेटी से मुलाकात**

दिव्यांका त्रिपाठी ने बताया कि उनकी रूहानिका के साथ अचानक मुलाकात हो गई। दरअसल वह दिवाली शॉपिंग के लिए गई थीं तभी अचानाक रूही मिल गईं। दिव्यांका ने बताया कि वह दिवाली शॉपिंग के लिए गई थीं और तभी उन्हें बेस्ट गिफ्ट मिल गया। इन फोटोज में उन्होंने रूही को गले लगाया और खूब लाड–प्यार भी किया।

**तब और अब की रूही**





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जब रूहानिका ने सीरियल किया था तब वह 10 साल की थीं। अब तो रूही की उम्र 16 साल हो गई हैं। आज भी वह उतनी ही प्यारी हैं। आज के समय में वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्हें 2 मिलियन से ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं।

**15 साल की उम्र में खरीदा घर**

ये है मोहब्बतें की रूही ने फिल्मों में भी काम किया है। साल 2014 में सलमान खान की श्जय होश से उन्होंने डेब्यू किया था। सबसे खास बात ये है कि रूहानिका ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने सिर्फ 15 साल की उम्र में मुंबई जैसी मंहगी सिटी में घर खरीदा था।

# पपाराजी पर भड़के रणबीर कपूर, एनिमल के इवेंट में दिखी खीझ!

*बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह पपाराजी पर गुस्सा करते दिखे। उन्होंने रूड जवाब दिया जिसे देख फैंस गुस्सा हो गए। एनिमल एक्टर पर उन्होंने खूब ताने कसे। आइए बताते हैं आखिर रणबीर कपूर के वीडियो पर फैंस क्यों नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।*



बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर जल्द ही अपनी फिल्म एनिमल के जरिए बॉक्स ऑफिस पर वापसी करेंगी। ब्रह्मास्त्र और तू झूठी मैं मक्कार के बाद ये उनकी इस साल की आखिरी फिल्म होगी, जिस पर फैंस की नजरें हैं। वैसे एनिमल फिल्म को लेकर काफी क्रेज भी है। जिस तरह का इसका टीजर और कहानी सामने आ रही है, उसे लेकर फैंस खासा रुचि दिखा रहे हैं। इस बीच रणबीर कपूर का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह पपाराजी की हरकत पर नाराज हो गए। वीडियो देख यूजर्स ने एक्टर को आड़े हाथ लिया। आइए बताते हैं फैंस को क्या बात रणबीर कपूर की अच्छी नहीं लगी। हुआ ये कि रणबीर कपूर को देख पपाराजी उनसे पोज देने के लिए कहने लगे। साथ ही दिवाली की शुभकामनाएं। तभी रणबीर अचानक चिड़चिड़ा गए और उन्होंने कहा, क्या करूं भाई, क्या करूं? साथ ही एक्टर का ये मूड देख फैंस को जरा भी अच्छा नहीं लगा और उन्होंने एक्टर को कसके सुना डाला।

**रणबीर कपूर के बिहेवियर को फैंस ने बताया रूड**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में रणबीर कपूर के रूड बिहेवियर को देख फैंस ने प्रतिक्रिया दी। एक यूजर ने लिखा 'RK का बिहेवियर बहुत रूड है। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, ये कतई अच्छा नहीं किया। कितना ट्रांसप्लांट करवाएगा। वहीं कुछ ने तो पपाराजी पर ही सवाल दागे कि उन्हें एक्टर को ऐसे बार बार परेशान नहीं करना चाहिए था।

**एनिमल में नजर आएंगे रणबीर कपूर**

एनिमल अगले महीने 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हो रही है। इसमें रणबीर कपूर के अपोजिट रश्मिका मंदाना है तो फिल्म में अनिल कपूर एक्टर के पिता के रोल में हैं। वहीं बॉबी देओल खूंखार विलेन बनकर वापसी कर रहे हैं। एनिमल के डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी हैं।

# घी और खजूर से करें बाल झड़ने–कमजोरी और थायरॉइड का देसी इलाज

*एक तरफ लोग अपने बढ़ते हुए वजन से परेशान हैं, तो वहीं कई लोग ऐसे भी हैं, जो अपने कम वजन से परेशान है। तमाम कोशिशों के बावजूद उनका वजन नहीं बढ़ता है। प्रोटीन पाउडर, सप्लीमेंट्स खाकर महीनों बीत जाते हैं, लेकिन एक किलो वेट तक नहीं बढ़ता।*

खजूर और घी दोनों में कैलोरी, फैट, प्रोटीन और कार्ब्स अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। ये पोषक तत्व वजन बढ़ाने में मदद करते हैं। आपने घी और खजूर अलग–अलग तो कई बार खाई होगी, लेकिन अगर खास तरीके से इन दोनों को साथ बनाकर खाया जाए तो वेट गेन, लो आयरन, हेयर फॉल, मूड में बदलाव, वजन बढ़ना, कम ऊर्जा, थायराइड, भारी मासिक धर्म, मासिक धर्म में ऐंठन, पीसीओएस, नींद की समस्या से आजादी मिल जाती है। घी और खजूर की खास रेसिपी बनाने के लिए आपको खजूर को पूरी रात पानी में भिगो कर छोड़ देना है। सुबह उसके बीज निकालकर उसमें दो चम्मच देसी घी डालकर आसानी से आयुर्वेदिक डेजर्ट रेसिपी तैयार हो जाता है।

**कैसे काम करता है**

इस रेसिपी में दो खास सामग्री है, डेट्स यानी खजूर और देसी घी। दोनों के भीतर मेडिसिन प्रॉपर्टी होती है। खजूर मीठा और ठंडा होता है, जो वात और पित्त को संतुलित करने में मदद करता है। इसके अलावा वो हाइपर एसिडिटी, जोड़ों के दर्द, चिंता, बालों के झड़ने और कम ऊर्जा से पीड़ित लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प बनता है। ये लो फैट और नियासिन, बी6, पोटेशियम, मैग्नीशियम और आयरन का अच्छा सोर्स है। ये जिंक, सेलेनियम और फोलिक एसिड का अच्छा सोर्स है, जो थायराइड, लो स्पर्म काउंट और विटामिन की कमी से जूझ रहे लोगों की बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। वहीं गाय का घी धरती पर पाया जाने वाला सबसे अच्छा फैट है, जो फिजिकल और मेंटल डिसऑर्डर को ठीक करने में मददगार है। घी की तासीर ठंडी होती है, जो स्वाद में मीठा, जो वात और पित्त को शांत करता है और शुभ माना जाता है। ये पाचन प्रक्रिया को आसान बनाता है। आपके ऊतकों को पोषण देता है, मांसपेशियों को मजबूत करता है, आवाज, याददाश्त, बाल, त्वचा, प्रजनन क्षमता, प्रतिरक्षा, बुद्धि और बहुत कुछ में सुधार करता है। यह एक ऐसा भोजन है जिसका सेवन हर कोई हर समय कर सकता है।



**कब खाएं कैसे खाएं**

आप इस खास डेजर्ट को सुबह–रात खास सकते हैं। जिन लोगों को पित्त प्रकृति हैं, यानी जो लो एनर्जी, एसिडिटी, हेयर फॉल, ग्रे हेयर की समस्या से जूझ रहे हैं वो इसे सुबह खा सकते हैं। जिन लोगों को कफ प्रकृति हैं, वो इसे दोपहर में खाने से एक घंटा पहले या बाद में ले सकते हैं। जिन लोगों को वात प्रकृति है, वो इसे शाम के समय 4 से 5 के बीच ले सकते हैं। इस समय खजूर–घी की इस खास रेसिपी को खाने से हेयर फॉल, वेट लॉस और लो एनर्जी की समस्या से निजात मिल सकता है। जिन लोगों को कोई समस्या नहीं है, वो इसे सुबह ब्रेकफास्ट से पहले या फिर शाम को ले सकते हैं।



## तरबूज खाने से कैसे कम होता है वजन, मोटी से मोटी तोंद होगी अंदर

मोटापा कम करने के उपाय क्या हैं? वजन जितनी आसानी से बढ़ता है, उतनी आसानी से कम नहीं होता है। ऐसा मान जाता है कि वजन कम करने के लिए जिम में घंटों पसीना बहाना पड़ता है और तमाम तरह के डाइट प्लान फॉलो करने होते हैं जिनमें पैसा और समय दोनों खूब खर्च होते हैं। वजन कम करने के लिए क्या खाएं? अगर आप वजन करने के आसान उपाय खोज रहे हैं, तो आयुर्वेदिक विशेषज्ञ आचार्य बालकृष्ण आपको एक ऐसे फल के बारे में बता रहे हैं, जो मोटापा का दुश्मन है और तेजी से वजन कम कर सकता है। वैसे तो वजन कम करने वाले फल कई सारे हैं लेकिन तरबूज एक ऐसा फल है, जो मोटापे से पीड़ित लोगों के लिए एक बढ़िया ऑप्शन है। अगर आप मोटापे से पीड़ित हैं, तो आपको इसको अपना साथी बना लेना चाहिए। आचार्य बालकृष्ण का मानना है कि तरबूज के सेवन से मोटापा कम होता है क्योंकि इसमें फैट नहीं पाया जाता है और कैलोरी भी बहुत कम मात्रा में होती है। सबसे बड़ी बात इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है, जो वजन कम करने के लिए बहुत जरूरी है। तरबूज की सबसे खास बात यह है कि इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जबकि कोलेस्ट्रॉल की मात्रा न के बराबर होती है। इसका मतलब यह है कि इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने का रिस्क नहीं होता है।

## डायबिटीज की असली दुश्मन हैं ये भारतीय जड़ी बूटी

डायबिटीज एक लाइफस्टाइल डिजीज है और बढ़ते समय के साथ इसके मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। एक अध्ययन में यह पाया गया है कि एक अच्छी डाइट के साथ BGR–34 जैसे हर्बल फॉर्मूलेशन से मधुमेह के रोगियों में रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। डायबिटीज के मरीज भी इस तरह से एक हेल्दी लाइफस्टाइल जी सकते हैं। जैसा कि यह एक लाइफस्टाइल डिजीज है, तो इसे एक अच्छी लाइफस्टाइल और बढ़िया खानपान के साथ कंट्रोल किया जा सकता है। आयुर्वेदिक उपचारों में गिलोय का पाउडर काफी प्रभावकारी माना जाता है। इसमें मौजूद यौगिक डायबिटीज के इलाज के साथ इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करने में मदद कर सकता है। यह डायबिटीज के बढ़ते कंप्लिकेशनों को कम करने में सहायक हो सकता है। डायबिटीज के इलाज के लिए उपयोगी माना जाता है। सदाबहार में विभिन्न यौगिक होते हैं, जो शरीर में रक्त शर्करा स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल से ब्लॉक हो चुकी सारी नसें खोल देंगे ये फल



दिल को स्वस्थ रखने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल के साथ हेल्दी डाइट लेना भी जरूरी है। दिल की सेहत बिगड़ने की शुरुआत रक्त वाहिकाओं या खून की नसों से शुरू होती है। नसों में किसी भी तरह की रुकावट दिल के लिए ब्लड फ्लो को धीमा कर सकती है, जिससे दिल खतरे में आ सकता है। नसों में रुकावट की असली वजह कोलेस्ट्रॉल है, जो एक गंदा और चिपचिपा पदार्थ है, जो आपके द्वारा खाई जाने वाली अन्हेल्दी चीजों से नसों में इकठ्ठा होता रहता है। जब इसकी मात्रा बढ़ जाती है, तो यह नसों में रुकावट पैदा कर सकता है जिससे ब्लड सर्कुलेशन में बाधा हो सकती है। एक अध्ययन ब्लू बैरीज, स्ट्रॉबैरीज, क्रैनबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी आदि कई स्वास्थ्य लाभों से जुड़े हैं, जिनमें सूजन को कम करने और हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने की क्षमता भी शामिल है। इनमें फाइबर, विटामिन, मिनरल्स आदि जैसे पोषक तत्व होते हैं। इनमें पॉलीफेनोल्स सहित फ्लेवोनोइड एंटीऑक्सिडेंट शामिल हैं। इनके सेवन से सूजन और कोलेस्ट्रॉल को कम करने और नसों के कार्य में सुधार करने में मदद मिलती है। खट्टे फल स्वादिष्ट होते हैं और फ्लेवोनोइड्स सहित विभिन्न प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सिडेंट प्रदान करते हैं।

# शराब के साथ ये चीज कभी मत खाना, होता है नशा

*अगर दवा के अलावा शराब का इस्तेमाल किया जाए तो यह दुनिया की सबसे अनहेल्दी ड्रिंक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई बार बताया है कि इसकी एक बूंद भी कई तरह के कैंसर कर सकती है। मगर लोग फिर भी त्योहारों और पार्टियों में इसका सेवन करने से नहीं चूकते। ऐसे में एल्कोहॉल ड्रिंक करते हुए कुछ बातों का ध्यान रखा जा सकता है। शराब पीते हुए कुछ फूड को गलती से भी नहीं खाना चाहिए। इनसे ना सिर्फ शराब का नशा दोगुना हो जाता है, बल्कि उल्टी, हाई लो लिपोप्रोटीन डेंसिटी कोलेस्ट्रॉल, हाई ट्राइग्लिसराइड हो सकता है। फैटी लिवर, हाई ब्लड शुगर के खतरे को कम करने के लिए होम्योपैथिक डॉक्टर राजू राम गोयल ने एल्कोहॉल के साथ इन चीजों को अवॉयड करने के लिए कहा है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**काजू-मूंगफली**

होम्योपैथिक डॉ. ने बताया कि शराब के साथ काजू–मूंगफली खाने से कोलेस्ट्रॉल लेवल तेजी से बढ़ता है। डायजेस्टिव सिस्टम खराब होने लगता है और भूख नहीं लगती। काजू खाने से ब्लोटिंग, कब्ज, वेट गेन, जोड़ों की सूजन और मूंगफली से एलर्जी, डायरिया, स्किन इचिंग, चेहरे की सूजन, उल्टी हो सकती है।

**मीठी चीजें**

ड्रिंकिंग के दौरान मीठी चीजों का सेवन बिल्कुल ना करें। पहला तो यह आपका नशा डबल करती हैं और कई बार उल्टियां भी लग जाती हैं।



बहुत ज्यादा मीठा खाने की आदत डायबिटीज का शिकार बना सकती है। किडनी के रोग, दिल के रोग और नसों के रोगों में यह मुख्य कारण देखी गई है।

**दूध-दही**

दूध–दही खाना अच्छी आदत है, लेकिन शराब के साथ यह जहर की तरह काम करते हैं। इससे एसिडिटी और स्किन एलर्जी होने लगती है। डेयरी प्रॉडक्ट के कंपाउंड और एल्कोहॉल के कंपाउंड का नेचर एकदम उल्टा होता है, जो केमिकल रिएक्शन कर सकते हैं।

**शराब पीने के साइड इफेक्ट**

- यह खतरनाक ड्रिंक ब्रेस्ट, मुंह, गले, इसोफेगस, वॉइस बॉक्स,
- रेक्टम कैंसर का खतरा
- हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट डिजीज के खतरे में बढ़ोतरी
- कमजोर इम्यून सिस्टम
- याददाश्त और सीखने की क्षमता का घटना
- डिप्रेशन और एंग्जायटी
- शराब की लत




**पायल घोष का वायरल पोस्ट**

पायल घोष ने कुछ दिन पहले मोहम्मद शमी को अपने एक्स हैंडल के जरिये शादी का प्रपोजल दिया था। घोष ने पोस्ट किया, शमी तुम अपना इंग्लिश सुधारलो, मैं तुमसे शादी को तैयार हूं। जहां यह पोस्ट 2 नवंबर को किया गया, लेकिन यह हाल ही में वायरल हुआ है।

## शमी तुम अपनी इंग्लिश सुधार लो, मैं शादी के लिए तैयार है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बॉलीवुड एक्ट्रेस पायल घोष से शादी का अनोखा प्रस्ताव मिला है। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर शमी अपनी इंग्लिश सुधार लें तो वो उनसे शादी करने को तैयार हैं। मोहम्मद शमी ने मौजूदा वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने चार मैचों में 7 की बेहतरीन औसत से 16 विकेट चटकाए हैं। 33 साल के शमी को भारत ने शुरुआती मैचों में नहीं आजमाया था क्योंकि टीम को निचले क्रम में अतिरिक्त बल्लेबाज की जरुरत थी। हालांकि, जब से वो प्लेइंग 11 में आए, तब से भारत का गेंदबाजी आक्रमण बहुत मजबूत नजर आया। पता हो कि पायल घोष वर्षाधारे, प्रयाणम, अूसारवेली, मिस्टर रास्कल और पटेल की पंजाबी शादी सहित अन्य फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। 2020 में वो रामदास अठावले की राजनीतिक पार्टी– द रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की महिला विंग की उपाध्यक्ष बनाई गईं। मोहम्मद शमी ने अब तक भारत के लिए 64 टेस्ट खेले, जिसमें 229 विकेट लिए हैं। वहीं उन्ध्होंने 98 वनडे मैचों में 187 विकेट लिए हैं। इसके अलावा शमी ने 23 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 24 विकेट लिए हैं। शमी इस समय शानदार लय में हैं।

# ईडन गार्डन्स में दिखेगी गेंदबाजों की धार या बल्लेबाज मचाएंगे हाहाकार

**क्रिकेट**

## इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच अहम मैच कोलकाता में खेला जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल का टिकट हासिल करने के लिए पाकिस्तान को 11 नवंबर की शाम को इंग्लैंड के खिलाफ चमत्कार करना होगा। बाबर आजम एंड कंपनी को अपना आखिरी मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन से खेलना है। अंतिम चार में जगह बनाने के लिए पाकिस्तान को बेहद बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम पहले ही सेमीफाइनल की रेस से आउट हो चुकी है।

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड कप 2023 का अहम मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला जाना है। इस मैदान पर आमतौर पर बल्लेबाजों का बोलबाला रहता है, लेकिन इस विश्व कप में यहां की पिच थोड़ा



धीमी रही है। बॉल बैट पर फंसकर आ रही है, जिससे क्रीज पर आते ही बड़ा शॉट लगाना इतना आसान नहीं रहा है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच भी खेले मुकाबले में कुछ ऐसा ही देखने को मिला था। पिच से स्पिन गेंदबाजों को भी काफी मदद मिल रही है। जडेजा ने लास्ट गेम में पांच विकेट अपने नाम किए थे, तो साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज की गेंदें भी खूब घूम रही थीं।

ईडन गार्डन्स के मैदान ने अब तक कुल 38 वनडे मैचों की मेजबानी की है। इसमें से 22 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है, तो 15 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। यानी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना का फैसला इस ग्राउंड पर ज्यादा कारगर साबित हुआ है। पहली पारी में एवरेज स्कोर इस मैदान पर 242 का रहा है, जबकि दूसरी इनिंग में औसतन स्कोर 198 का है।

पाकिस्तान को अगर सेमीफाइनल का टिकट हासिल करना है, तो बाबर की सेना को इंग्लैंड के खिलाफ चमत्कार करना होगा। पाकिस्तान की टीम अगर पहले बल्लेबाजी करती है तो टीम को इंग्लैंड को 287 या 288 रन से मात देनी होगी। वहीं, अगर बाबर आजम एंड कंपनी पहले गेंदबाजी करने का फैसला करती है, तो पाकिस्तान को डिफेंडिंग चैंपियन से मिले लक्ष्य को 284 गेंद शेष रहते हुए हासिल करना होगा।

# ये काम कर लो पाकिस्तान पहुंच जाओगे सेमीफाइनल में!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइन में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। हालांकि, अभी भी न्यूजीलैंड आधिकारिक रूप से सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा है। सभी क्रिकेट प्रेमियों की निगाह इंग्लैंड और पाकिस्तान के मुकाबले पर टिकी है। पाकिस्तान को इंग्लैंड को एक ऐसे अंतर से हराना है जो नामुमकिन सा है। इस पर वसीम अकरम ने पाकिस्तान टीम को एक अनोखा आईडिया दिया है।

वसीम अकरम ने एक पाकिस्तान चैनल पर विशेषज्ञ की भूमिका निभा रहे हैं। शो पर आने से पहले वसीम अकरम ने एंकर से पाकिस्तान के सेमीफाइनल पर पहुंचने के सवाल पर बातचीत



कर रहे थे। उसी वक्त पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज ने एंकर को मजेदार जवाब दिया था। वहीं, शो के दौरान एंकर ने उसी बात को दोहराया।

एंकर ने वसीम अकरम के हवाले से कहा, अगर पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचना है। पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी करके जो भी स्कोर बनाना चाहे बना ले। जब इंग्लैंड की बारी आए तो ड्रेसिंग रूम को बाहर से ताला मार दें। 20 मिनट का टाइम आउट होने पर पूरी की पूरी टीम वैसे ही आउट हो जाएगी और पाकिस्तान का नेट रन रेट भी बेहतर हो जाएगा।

बता दें कि पाकिस्तान को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए इंग्लैंड को बहुत बड़े अंतर से हराना है। अगर पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करती हैं और 300 का स्कोर बनाती हैं, तो पाकिस्तान को शीर्ष चार में जाने के लिए इंग्लैंड को 287 रनों से हराना होगा, जबकि अगर पाकिस्तान 400 का स्कोर बनाता है, तो उन्हें इंग्लैंड 112 रनों पर ऑलआउट करना होगा। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए भी पांच ओवर के अंदर जीत दर्ज करनी होगी, जो नामुमकिन सा है।

## आईपीएल 2024 में दिखेगी पंत के कमबैक की कहानी!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत कोलकाता में चल रहे दिल्ली कैपिटल्स के कैंप में नजर आए, जिससे आईपीएल के अगले सत्र से उनके खेल के मैदान में वापसी की अटकलें हैं। पंत पिछले साल दिसंबर में एक सड़क हादसे में बुरी तरह से घायल हो गए थे। तब से वे आउट आफ एक्शन हैं।

कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय के साल्टलेक कैंपस में दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली की अगुआई में कैंप चल रहा है। टीम के कोच रिकी पोंटिंग भी यहां मौजूद हैं। पंत भी कैंप में शामिल हुए, हालांकि प्राप्त जानकारी के मुताबिक उन्होंने अभ्यास में अभी तक हिस्सा नहीं लिया है। सौरव गांगुली के साथ उनकी काफी बातचीत हुई है।

सौरव ने बताया कि पंत शनिवार तक कोलकाता में रहेंगे। पंत आईपीएल का अगला सत्र खेलेंगे या नहीं, इसे लेकर उन्होंने कुछ नहीं कहा। टीम प्रबंधन की ओर से भी अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

## न्यूज डायरी





## तुम हां करो या फिर मैं अनाउंस करुं तुम्हारे नाम का

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा को 2021 के अंत में भारतीय वनडे और टी20 टीम का कप्तान बनाया गया था। विराट कोहली ने कप्तानी छोड़ी तो उनसे ज्यादा उम्र के रोहित को बीसीसीआई ने यह जिम्मेदारी दे दी। कुछ महीने बाद विराट ने टेस्ट की भी कप्तानी छोड़ने का ऐलान कर दिया। रोहित को फिर टेस्ट की कप्तानी भी मिल गई। लेकिन उस समय बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली की मानें तो रोहित शर्मा कप्तान नहीं बनना चाहते थे। रोहित शर्मा पर सौरव गांगुली ने कप्तान बनने के लिए दबाव बनाया था। पूर्व भारतीय कप्तान ने कोलकाता टीवी से इंटरव्यू में कहा, श्रोहित कप्तानी लेना नहीं चाहता था, 100 बार मनाने के बाद भी हां नहीं कर रहा था फिर एक ऐसा स्टेज आया मैंने कहा तुम हां करो या फिर मैं अनाउंस करुं तुम्हारे नाम का। क्योंकि वह शानदार कप्तान हैं। और उसकी कप्तानी लेने का नतीजा अभी भी देख सकते हैं। सौरव गांगुली से यह भी पूछा गया कि रोहित शर्मा कप्तान क्यों नहीं बनना चाहते थे। इसके जवाब में उन्होंने कहा– काफी क्रिकेट की वजह से। टेस्ट क्रिकेट, वनडे क्रिकेट, टी20 क्रिकेट और इनका दबाव। वह आईपीएल के भी कप्तान हैं तो उनके ऊपर काफी जिम्मेदारी थी। लेकिन भारतीय की कप्तानी करने से अच्छा कुछ नहीं हो सकता। मैं खुश हूं कि उन्होंने जिम्मेदारी ली।

## नंबर–1 बनने के बाद भारतीय खिलाड़ी ने बताया अपना असली सपना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मोहम्मद सिराज ने दावा किया है कि आईसीसी वनडे गेंदबाज रैंकिंग में नंबर 1 होना उनके लिए कोई मायने नहीं रखता है। बल्कि उनका लक्ष्य भारत को वर्ल्ड कप 2023 का खिताब दिलाना है। मौजूदा प्ब्ब वर्ल्ड कप 2023 में सिराज ने अपने दमदार प्रदर्शन के बल पर नंबर वन की कुर्सी हासिल की। आठ मैचों में वह 5.23 की प्रभावशाली इकॉनमी रेट के साथ 10 विकेट ले चुके हैं। आईसीसी से बात करते हुए सिराज ने कहा, ष्ईमानदारी से कहूं तो बीच में कुछ समय के लिए मैं नंबर–1 था, फिर नीचे चला गया। नंबर मेरे लिए मायने नहीं रखता। लक्ष्य यह है कि भारत वर्ल्ड कप जीते। यही टीम और मेरा लक्ष्य है। सिराज ने आगे कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरा प्रदर्शन भारत के लिए अच्छा रहेगा। बस यही मायने रखता है। मुझे इस टीम का हिस्सा होने और विश्व कप में ऐसा प्रदर्शन करने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मैं इस टीम के साथ रहकर खुश हूं। मैं बस यही चाहता हूं कि यह टीम अपने प्रत्येक मैच में अच्छा प्रदर्शन करे। बता दें कि इस साल की शुरुआत में सिराज ने श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भी कमाल का प्रदर्शन किया था। इसकी बदौलत उन्हें आईसीसी की गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप स्थान मिला था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ नौ विकेट लिए और तीन मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

## वीरेंद्र सहवाग ने बाबर सेना के खिलाफ खोल दिया मोर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के श्रीलंका को हराने के बाद पाकिस्तान वनडे विश्व कप 2023 से लगभग बाहर हो गया। इस पर भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम की जमकर मौज ली है। भारतीय टीम को हराने के लिए विश्व कप खेलने आई बाबर सेना ने शुरुआत दो मैचों में जीत दर्ज की थी और फिर रोहित की टीम ने बुरी तरह हराते हुए उसे पटरी से उतार दिया। इसके बाद तो अफगानिस्तान ने हराकर बाबर की टीम इंटरनेशनल बेइज्जती कर दी। मुल्तान के सुल्तान कहे जाने वाले वीरेंद्र सहवाग ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को ट्रोल करते हुए लिखा कि बाय बाय पाकिस्तान का पोस्टर लगाते हुए पोस्ट किया पाकिस्तान जिंदा भाग..। बता दें कि पाकिस्तान शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डंस में अपने अंतिम ग्रुप गेम में इंग्लैंड से भिड़ेगा। दूसरी ओर, उसके चीफ सिलेक्टर इंजमाम उल हक का इस्तीफा मंजूर हो गया है और माना जा रहा है कि स्वदेश पहुंचने पर बाबर आजम पर भी गाज गिरेगी। उल्लेखनीय है कि उसका विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग असंभव हो गया है। सहवाग ने एक क्रिएटिव पोस्ट किया, जिसमें लिखा था– अलविदा, अलविदा, पाकिस्तान। सहवाग ने मजाकिया लहजे में उन्हें सुरक्षित घर वापसी की शुभकामनाएं भी दीं। उनके ट्वीट में लिखा था– पाकिस्तान जिंदाभाग!

पदक विजेता तीरंदाजों को सम्मानित करते हुए विद्यालय प्रशासन।



## संक्षिप्त समाचार

### विश्वविद्यालय के अफसरों की सीआर शासन से होगी मंजूर

**संवाददाता** देहरादून। राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में कुलसचिव से लेकर वित्त वित्त अधिकारी स्तर की सीआर लिखने का मानक तय हो गया। वित्त सेवा के अफसरों की तरह बाकी प्रशासनिक अधिकारियों की सीआर पर अंतिम मुहर शासन की अनुमति से ही लगेगी। कुलपति जरूर समीक्षक अधिकारी होंगे, लेकिन स्वीकृता अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग के एसीएस, प्रमुख सचिव अथवा सचिव ही होंगे। अपर सचिव–उच्च शिक्षा डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने इसके आदेश किए। कुमाऊं विश्वविद्यालय, सोबन सिंह जीना विवि, श्रीदेवसुमन विवि, मुक्त विवि और दून विवि के कुलपति को सीआर के बाबत नई गाइड लाइन जारी कर दी गई है।

### घर के मंदिर के दीपक को मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक जला कररखें: भट्ट

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि उत्तराखंडवासी दिवाली के दिन घर के दीपक को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तक जला कर रखें। देवभूमि से सांस्कृतिक पुनर्जागरण का यह संदेश जाना चाहिए। उन्होंने इस दिवाली को लोकल उत्पाद और सांस्कृतिक परम वैभव लौटने वाली बताया। यमुना कालोनी स्थित आवास में दिवाली मिलन समारोह में भट्ट ने प्रदेशवासियों को दिवाली बधाई देते हुए सभी के सुख समृद्धि की कामना की है। कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में श्री रामलला विराजने वाले हैं, लिहाजा हम सभी को देवभूमि से सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संदेश घर के मंदिर में दिवाली के दीपक को 22 जनवरी तक जलाकर देना है।

### रोजगार–स्वरोजगार का केंद बनेंगे कालेजः शिक्षा सचिव

**संवाददाता** देहरादून। शिक्षा सचिव शैलेश बगोली ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना को राज्य के युवाओं को उद्यमशील बनाने के उदध्देश्य से शुरू किया गया है। इसके जरिए कालेज में पढ़ाई के साथ साथ छात्र–छात्राओं को विभिन्न सेक्टर में स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विशेष उन्हें उद्यमों के प्रति जागरूक करेंगे।

### मंत्रोच्चार की आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्ता बताई

**संवाददाता** ऋषिकेश। रेनेसा द्रोण स्कूल डोईवाला में ग्रेटीट्यूट वीक धूमधाम से मनाया गया। इसके तहत छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रस्तुतियों के जरिए रक्तदान, टेक्नोलॉजी के प्रभाव, वैदिक मंत्रोच्चारण की आध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्ता सहित अन्य जागरूकता संदेश दिए गए। शुक्रवार को रेनेसा द्रोण स्कूल डोईवाला में ग्रेटीट्यूट वीक मनाया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल प्रबंधक मनीष वत्स ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

# आज हमारे जवान हैं तो हम सो सकते हैं चैन की नींद

**रेजिंग डे परेड**

■ आईटीबीपी की रेजिंग डे परेड में पहुंचे गृहमंत्री शाह, हिमवीरों में भरा जोश



**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून में शुक्रवार को आईटीबीपी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रेजिंग डे परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, धन सिंह रावत और प्रेमचंद अग्रवाल भी परेड में शामिल हुए। इस दौरान गृहमंत्री ने सबसे पहले परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने देश के लोगों को धनतेरस और दिवाली की शुभकामनाएं दीं। वहीं, उन्होंने देशभर की पांच योजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जवानों की हर जरूरत को पूरा करने के लिए तत्पर है। फाइव फ्रंटियर, ईस्ट फ्रंटियर, नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर, नॉर्दन फ्रांटियर्स, नक्सल फ्रंटियर, महिला नक्सल फ्रंटियर, स्की फोर्स, कमांडो दस्ता, पैरा ट्रूपर्स की टुकड़ियां परेड में शामिल हुईं।

इस दौरान मुख्य अतिथि अमित शाह ने कहा कि भारत के प्रथम गांव से आए लोगों का स्वागत करता हूं। उन्होंने हिमवीरों को और 130 करोड़ की जनता को धनतेरस की शुभकामनाएं दी। कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हम यशगाथा लिखने में समर्थ हों ये कामनाएं हैं। दिवाली के समय मेंनागरिक घर में दिए जलते हैं, तो एक दिया जवानों के लिए भी जलाएं। हम चैन की नींद सिर्फ इन्हीं जवानों के कारण सोते हैं। 62 सालों से देश की सीमाएं हिमविरों के कारण सुरक्षित हैं। हिमवीर सदैव चौकन्ने रहते हैं। मैं कुछ दिन पहले अरुणाचल में आईटीबीपी के जवानों के साथ रहा था। मैंने कहा था कि जब परिवार को आपकी जरूरत होती है तो उसी समय देश को जरूरत होती है। सेना की तर्ज पर सीएपीएफ का कोटा भी तय किया। जवानों की इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए सातआईटीबीपी की बटालियन को हाल ही में स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि भारत चीन सीमा से कोई समाचार आता है तो ये सोचकर आराम से सो जाता हूं कि वहां आईटीबीपी का जवान खड़ा है। जब तक आईटीबीपी है तब तक देश की एक इंच भूमि को भी कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश कि चिंता करते हैं, आपके परिवार की चिंता भारत सरकार करेगी।

शाह ने कहा कि सीमांत गांव अगर खाली हो गए तो सीमाओं की सुरक्षा बहुत मुश्किल हो जाएगी। ऐसे में ये जरूरी है कि वहां जो प्रथम गांव हैं, उन्हें सुविधाओं में भी प्रथम बनाया जाए। 168 गांव को एक साल में सड़क से जोड़ा जाएगा और बिजली व जरूरी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध हो जाएंगी। भारत चीन सीमा पर 2014 के पहले चार हजार करोड़ खर्च सलाना होता था, लेकिन अब यह बढ़ाकर 12 हजार करोड़ रुपये हुआ है। इससे जवानों के रहने के लिए बैरक, सड़क और हेलीपैड बनाए जा रहे हैं।

आईटीबीपी सीमाद्वार में आयोजित परेड को देखने के लिए यहां हजारों लोगों की भीड़ जुटी है। स्वागत के लिए महिलाएं पारंपरिक परिधानों में भी आई हैं। वहीं, कई बच्चे सेना की वर्दी पहनकर पहुंचे हैं।

### इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण

■लद्दाख में 17000 फीट की ऊंचाई पर स्व ऊर्जा भवन का रिमोट लोकार्पण।

■मातली उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश बसर, रंगमाती आसाम, रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर अरुणाचल प्रदेश समेत 10 बैरक का लोकार्पण।

■लॉजिस्टिक ड्रोन का उद्घाटन। इसमें अग्रिम चौकियों पर प्रयोग होगा। यह ड्रोन 14000फीट तक उड़ सकता है। इससे सब्जियां व रसद को पहुंचाने में मदद करेगा। साथ ही दवाओं का भी परिवहन कर सकेगा।

■ई स्मारिका का विमोचन। इसमें आईटीबीपी की उपलब्धियों का उल्लेख है।

■शहीद स्मारिका का विमोचन। यह स्मारिका शहीदों की बहादुरी को बताएगी।

# जी 20 के सफल आयोजन से बढ़ा भारत का मान

**प्रचार**

■पूरे विश्व तक पहुंची भारत की लोक संस्कृति की झलकः महाराज



**संवाददाता**

देहरादून। मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार को पहुंचे पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जी 20 के सफल आयोजन से पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ा है। इस आयोजन से पूरे विश्व ने भारत की ताकत को करीब से देखा। पूरे विश्व तक भारत की लोक संस्कृति की झलक पहुंची। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को पूरे विश्व के नेताओं ने स्वीकार किया।

महाराज ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश में रीवा के बंधन पैलेस स्थित डभौर में सिरमौर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह का चुनाव प्रचार किया। इससे पहले उन्होंने रीवा रियासत किले में स्थित महामृत्युंजय मंदिर में पहुंच कर भगवान शिव की पूजा–अर्चना भी की। डभौर में जनसभा में कहा कि मध्य प्रदेश से हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा को उत्तराखंड आते हैं। दोनों प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से बेहद अहम हैं।

महाराज ने कहा कि जी–20 के कई आयोजन उत्तराखंड में भी हुए। बाहर से आए लोगों ने जब उत्तराखंड की लोक संस्कृति, कला और वाद्य यंत्रों के साथ साथ हमारी शिल्प कला को देखा, तो सभी बड़े प्रभावित हुए। कहा कि प्रदेश और देश के सर्वांगीण विकास को भाजपा की सरकारों का होना नितांत आवश्यक है। केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार लगातार देश में विकास कार्यों को तेजी के साथ आगे बढ़ा रही है। पूरे विश्व में आज भारत का डंका बज रहा है। मध्य प्रदेश में भी विकास की गंगा अनवरत बहती रहे, इसके लिए भाजपा का सत्ता में आना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह, रीवा रियासत के महाराजा पुष्पराज सिंह, सुयश रावत आदि मौजूद रहे।

### हर कालेज में बनेगा उद्यमिता विकास केंद्र

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत पांच साल में राज्य के पचास हजार छात्रों उद्यम के प्रति जागरूक और पंद्रह हजार छात्रों को उद्योग लगाने का प्रशिक्षण देगा। प्रत्येक डिग्री कालेज में एक–एक उद्यमिता केंद्र की स्थापना की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग और ईडीआईआई संयुक्त रूप से देवभूमि उद्यमिता योजना का संचालन कर रहे हैं। इसके तहत पहले कोहार्ट का अहमदाबाद में राज्य के शिक्षकों को उद्यमिता प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को इस प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ है। योजना के नोडल अधिकारी और सहायक निदेशक डॉ दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि वर्तमान प्रशिक्षण में नैनीताल, टिहरी गढ़वाल से तीन–तीन, हरिद्वार, अल्मोड़ा, चमोली, दून से दो–दो, और पौड़ी गढ़वाल, बागेश्वर, उत्तरकाशी, चम्पावत, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग से एक–एक संकाय सदस्यों ने कोहार्ट में भाग लिया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।